पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में झण्डा फहराया
शाम को राजभवन में स्वल्पाहार समारोह का आयोजन

लखनऊः 15 अगस्त, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने 71वें स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में झण्डा रोहण किया तथा पुलिस गार्ड की सलामी ली। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती कुन्दा नाईक, परिजन व राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

राजभवन में झण्डा रोहण के बाद राज्यपाल ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विचार करने की आवश्यकता है कि आजादी का लाभ आम आदमी तक पहुंचा है कि नहीं। स्थिति का आकलन करके नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए स्वराज को सुराज में परिवर्तित करें तथा उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने का प्रयास करें।

राज्यपाल ने इस अवसर पर राजभवन सुरक्षा मैं तैनात श्री सुरेश चन्द्र को सराहनीय सेवा मेडल तथा कमाण्डो श्री मनोज कुमार सिंह को ए0टी0एस0 में रहते हुए शौर्य प्रदर्शित करने के लिए सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह लगाकर सम्मानित भी किया।

श्री नाईक द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में शाम को आयोजित स्वल्पाहार कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री द्वय डा0 दिनेश शर्मा व श्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री श्री नंद गोपाल नंदी, राज्यमंत्री स्वाती सिंह, अन्य मंत्रीगण, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, पूर्व मंत्री अहमद हसन, पूर्व मंत्री श्री लालजी टण्डन, पूर्व मंत्री श्री नरेश चन्द्रा, पूर्व मंत्री श्री अम्मार रिज़वी, न्यायमूर्तिगण, विधायकगण, स्वतंत्रता सेनानीगण, गणमान्य नागरिक, मुख्य सचिव श्री राजीव कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री सुलखान सिंह, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारीगण, कई विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं प्रमुख संस्थानों के निदेशक, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरू भी शामिल हुए।

अंजुम/ललित/राजभवन (304/20)